पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
*********
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः श्रावण 19, 1944
बुधवारः 10 अगस्त 2022

**द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए नई दिल्ली में दूसरी भारत-बांग्लादेश त्रि-सेवा स्टाफ वार्ता आयोजित**

दूसरी भारत-बांग्लादेश त्रि-सेवा स्टाफ वार्ता (टीएसएसटी) 10 अगस्त 2022 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत की ओर से मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) से एकीकृत स्टाफ के उप सहायक प्रमुख, आईडीसी (ए), ब्रिगेडियर विवेक नारंग और बांग्लादेश की ओर से डायरेक्टर जनरल ऑपरेशन एंड प्लान डायरेक्टेरेट आर्मड फॉर्सेज डिवीजन, ब्रिगेडियर जनरल हुसैन मुहम्मद रहमान ने संयुक्त रूप से की।

बैठक एक मैत्रीपूर्ण, स्नेही और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई। चर्चा तीनों सेनाओं के मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग क्षेत्र के दायरे में चल रही एवं नई पहलों और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने पर केंद्रित रही।

दूसरी भारत-बांग्लादेश त्रि-सेवा स्टाफ वार्ता मुख्यालय आईडीएस और बांग्लादेश आर्मड फॉर्सेज डिवीजन के बीच रणनीतिक और परिचालन स्तरों पर नियमित वार्ता के माध्यम से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक मंच है।

**एसआर/डीएस**